# नेत्रहीनों के लिए 23वीं ऊषा नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप नाडियाड, गुजरात में शुरू हो रही है

ऊषा इंटरनेशनल द्वारा स्पॉन्सर्ड

आईएसजीईसी हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड द्वारा पॉवर्ड

**मुख्य आकर्षणः**

- 19 राज्यों से 175 प्रतियोगी।
- 50 टीम अधिकारी एवं मैनेजर्स।
- तीन श्रेणियों - टी11, टी12 और टी13 में 53 (पुरुषों के लिए 29, महिलाओं के लिए 24) अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू ईवेंट्स का आयोजन होगा।
- ईवेंट का उद्घाटन श्री विपुल पटेल, चेयरपर्सन, अमूल डेयरी करेंगे।

**नई दिल्ली, 12 दिसंबर, 2024:** देश में नेत्रहीनों के लिए सबसे बड़े खेल कार्यक्रम, ऊषा नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 23वें संस्करण की शुरुआत 14 दिसंबर (शनिवार) को नाडियाड, गुजरात में हो रही है। इसका आयोजन साल में दो बार इंडियन ब्लाईंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन (आईबीएसए) द्वारा किया जाता है। यह चैंपियनशिप तीन दिनों तक चलेगी, जिसमें 246 पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

इस साल चैंपियनशिप का आयोजन इंडियन ब्लाईंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा गुजरात के पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सहयोग से किया जा रहा है। यह चैंपियनशिप 14 से 16 दिसंबर, 2024 तक गुजरात के नाडियाड में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मारिया डा में आयोजित हो रही है।

चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री विपुल पटेल, चेयरपर्सन, अमूल डेयरी करेंगे, जिसके बाद प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत हो जाएगी। इसमें खेल की कई विधाओं में खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें फील्ड एवं ट्रैक ईवेंट तथा रिले रेस शामिल हैं। ये प्रतियोगिताएं महिला और पुरुष श्रेणियों में होंगी जो विशेषतः नेत्रहीन खिलाड़ियों (टी-11 एवं एफ-11) और कम दृष्टि वाले खिलाड़ियों (टी-12, टी-13, और एफ-12, एफ-13) के लिए आयोजित की जा रही हैं।

इस अवसर पर पैरालिंपियन सिमरन शर्मा भी मौजूद होंगी, जिन्होंने 2024 के समर पैरालिंपिक्स में महिलाओं के 200 मीटर टी-12 में कांस्य पदक जीता था। उनके अलावा, 2024 के पैरालिंपिक्स में कांस्य पदक जीतने और जूडो में भारत का पहला पैरालिंपिक मेडल लाने वाले कपिल परमार भी यहाँ मौजूद होंगे।

यहाँ उपस्थित अन्य गणमान्य लोगों में पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ गुजरात के प्रेसिडेंट, श्री कांतिलाल परमार; पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ गुजरात एवं एग्ज़िक्यूटिव कमिटी मेंबर, पैरालिंपिक्स कमिटी ऑफ इंडिया के सेक्रेटरी, श्री चंदूलाल भाटी, तथा मिस दीपालीबेन राठी, प्रेसिडेंट, ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ गुजरात शामिल होंगी।

इस साल की चैंपियनशिप बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके साथ संगठन में ऐतिहासिक परिवर्तन हो रहा है। इस ईवेंट में पहली बार केवल सहयोगियों की बजाय सभी राज्य हिस्सा ले रहे हैं, जिससे सभी के लिए समावेशी और समानतापूर्ण अवसर सुनिश्चित होंगे। 19 राज्यों की संस्थाओं ने चयन परीक्षणों के आधार पर इस चैंपियनशिप के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भेजे हैं।

## नेत्रहीनों के लिए 23वीं ऊषा नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप नाडियाड, गुजरात में शुरू होगी

कार्यक्रम का विवरण (अस्थायी):

| | | |
|---|---|---|
| 13 दिसंबर, 2024 | शुक्रवार | 08:00 बजे: खिलाड़ियों का दृष्टि वर्गीकरण<br>05:00 बजे: मैनेजर मीट<br>06:00 बजे: अधिकारियों के लिए नाडा कार्यशाला |
| 14 दिसंबर, 2024 | शनिवार | 11:00 बजे: उद्घाटन और दीप प्रज्ज्वलन<br>04:00 बजे: प्रमाण पत्र और पदक वितरण समारोह |
| 15 दिसंबर, 2024 | रविवार | 09:00 बजे: खेल<br>04:00 बजे: प्रमाण पत्र और पदक समारोह |
| 16 दिसंबर, 2024 | सोमवार | 09:00 बजे: खेलों का समापन<br>04:00 बजे: समापन समारोह |

**<u>आईबीएसए के बारे में:</u>**

इंडियन ब्लाईंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन का गठन 1986 में किया गया था। यह एक राष्ट्रीय स्तर का स्पोर्ट्स फेडरेशन है, जो नेत्रहीनों एवं भारत की पैरालिंपिक्स कमिटी के लिए विश्व की सर्वोच्च खेल संस्था, इंटरनेशनल ब्लाईंड स्पोर्ट्स फेडरेशन से संबंद्ध है। इस संगठन से 20 राज्य संस्थाएं और 4 खेल-विशिष्ट फेडरेशंस - फुटबॉल, गोलबॉल, कबड्डी और जूडो संबद्ध हैं। वैश्विक संस्था के सहयोगी के रूप में आईबीएसए द्वारा भारत से नेत्रहीन खिलाड़ियों को चुनकर और प्रशिक्षित करके अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेने के लिए भेजा जाता है, जिनमें नेत्रहीनों के लिए विश्व चैंपियनशिप्स और गेम्स शामिल हैं।

**For Media Queries:**

Please contact IBSA at: +91-9585450828 or 9487343847.
Preeti Juneja: +91-9810623978 ; preeti.juneja@dreamwebidnia.com